प्रेषक,

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

**समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,**
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: मा0शि0प0/सिस्टम सेल/529 दिनांक: 29 नवम्बर,2021

विषय: **शैक्षिक सत्र 2021–22 में कक्षा–9 से 12 में प्रवेश, अग्रिम पंजीकरण एवं वर्ष 2022 हेतु कक्षा–10 एवं 12 की परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्रों को भरवाये जाने की तिथियों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

ज्ञातव्य है कि शासन ने अपने पत्र संख्या–2590/15–7–2021–1(29)/2014 दिनांक: 26–11–2021 के द्वारा परिषद की वर्ष 2022 की बोर्ड परीक्षा कक्षा–10 एवं 12 के संस्थागत एवं व्यक्तिगत छात्र/छात्राओं तथा कक्षा–9 एवं 11 के छात्र/छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण हेतु निर्धारित तिथियों में वृद्धि करने की अनुमति प्रदान कर दी है।

तद्नुसार उक्त शासनादेश की प्रति संलग्न कर आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि उक्त शासनादेश में वर्णित संशोधित तिथियों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करायें।

प्रकरण महत्वपूर्ण है अतः इस ओर आपका व्यक्तिगत ध्यान एवं सतत् अनुश्रवण अपेक्षित है।

संलग्नः उक्तवत्।

भवदीय,

(दिब्य कान्त शुक्ल)
सचिव।

पृष्ठाकन संख्याः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/529(1-6) दिनांक: 29 नवम्बर,2021

उक्त पत्र की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2– निजी सचिव, विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3– शिक्षा निदेशक (मा0), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4– अपर शिक्षा निदेशक (पत्राचार) पत्राचार शिक्षण संस्थान, उ0प्र0, प्रयागराज।
5– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक/उप शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
6– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर तथा प्रयागराज।

(दिब्य कान्त शुक्ल)
सचिव।

संख्या–2590/15–7–2021–1(29)/2014

प्रेषक,

शम्भु कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1–शिक्षा निदेशक(मा0) एवं सभापति,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उ0प्र0, लखनऊ।

2–सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उ0प्र0 प्रयागराज।

माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7 लखनऊः दिनांक 26 नवम्बर, 2021

विषयः– शैक्षिक सत्र 2021–22 में कक्षा–9 से 12 में प्रवेश, अग्रिम पंजीकरण एवं वर्ष 2022 हेतु कक्षा–10 एवं 12 की परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्रों को भरवाये जाने की तिथियों में वृद्धि किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक(मा0) एवं सभापति, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–मा0शि0प0/सिस्टम सेल/डी0ई0/524, दिनांक 26.11.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शैक्षिक सत्र 2021–22 में कक्षा–9 से 12 में प्रवेश, अग्रिम पंजीकरण एवं वर्ष 2022 हेतु कक्षा–10 एवं 12 की परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्रों को भरवाये जाने की तिथियों में वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज की वर्ष 2022 की कक्षा–10 एवं कक्षा–12 की बोर्ड परीक्षा के संस्थागत एवं व्यक्तिगत छात्र–छात्राओं तथा कक्षा–9 एवं कक्षा–11 के छात्र/छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण हेतु शासनादेश संख्या–2470/15–7–2020–1(29)/2014, दिनांक 12 नवम्बर, 2021 द्वारा परीक्षा से सम्बंधित विभिन्न गतिविधियों हेतु कार्यवाही किये जाने के आदेश निर्गत किये गये थे।

3– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा छात्र हित में सम्यक विचारोपरान्त उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा वर्ष 2022 की बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के संस्थागत व व्यक्तिगत छात्र–छात्राओं तथा कक्षा–9 एवं कक्षा 11 के छात्र/छात्राओं अग्रिम पंजीकरण हेतु माध्यमिक शिक्षा परिषद के विनियमों में उल्लिखित विभिन्न तिथियों को कॉलम–4 के अनुसार संशोधित किए जाने की एतदद्वारा अनुमति प्रदान की जाती हैः–

वर्ष 2022 के कक्षा–10 एवं 12 के छात्र/छात्राओं हेतु

| क0 स0 | संस्थागत छात्र/छात्राओं के प्रवेश एवं संस्थागत/व्यक्तिगत परीक्षा के आवेदन पत्रों को भरने हेतु | शासनादेश दिनांक 12.11.2021 द्वारा निर्धारित तिथि | यथा संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | 1– संस्था के प्रधान द्वारा समस्त अर्ह छात्र/छात्राओं से प्राप्त परीक्षा शुल्क को 100/– रुपया प्रति छात्र विलम्ब शुल्क के साथ एक मुश्त चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं संस्था के प्रधान द्वारा कोषागार में | 20 नवम्बर, 2021 (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक) | 15 दिसम्बर, 2021 (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक) |

Scanned by TapScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | जमा किये गये परीक्षा शुल्क की सूचना तथा छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों को परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर ऑनलाइन अपलोड करने की अन्तिम तिथि।<br>1— वर्ष 2021 की कक्षा—10 एवं 12 की मुख्य परीक्षा में पंजीकृत हुये छात्रों के आवेदन निःशुल्क लिये जायेगें।<br>2— वर्ष 2021 की कक्षा—10 एवं 12 की अंक सुधार परीक्षा के अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों से कोई विलम्ब शुल्क नहीं लिया जायेगा।<br>3— वर्ष 2021 की कक्षा—10 एवं 12 की अंक सुधार परीक्षा के उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को वर्ष 2022 की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पुनः अवसर नहीं दिया जायेगा। | | |
| 2. | 2— ऑनलाइन अपलोड किये गये छात्रों के विवरणों में जाचोपरान्त यदि किसी प्रकार का संशोधन वांछित है तो उसे संस्था के प्रधान द्वारा पुनः वेबसाइट पर संशोधित/अपडेट करने की अवधि। इस अवधि में किसी नवीन छात्र का विवरण अपलोड/स्वीकार नहीं किया जायेगा। केवल संशोधन ही स्वीकार किये जायेगें। | 20 नवम्बर से 24 नवम्बर, 2021 तक (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक) | 16 दिसम्बर से 18 दिसम्बर, 2021 तक (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक) |
| 3. | 3— संस्था के प्रधान द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटोयुक्त नामावली एवं तत्सम्बन्धी कोषपत्र की एक प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजे जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि। | 29 नवम्बर,2021 तक। | 23 दिसम्बर,2021 तक |

<u>वर्ष 2022 के कक्षा—9 एवं 11 के छात्र/छात्राओं हेतु</u>

| | कक्षा—9 एवं 11 के छात्र/छात्राओं के प्रवेश एवं उनके अग्रिम पंजीकरण आवेदन हेतु | शासनादेश दिनांक 12.11.2021 द्वारा निर्धारित तिथि | यथा संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 1— संस्था के प्रधान द्वारा कक्षा—9 एवं 11 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण शुल्क रु0 50/— (रुपये पचास मात्र) प्रति छात्र की दर से चालान के माध्यम से कोषागार में एकमुश्त जमा करने एवं जमा किये गये पंजीकरण शुल्क की सूचना तथा छात्र/ छात्राओं के शैक्षिक विवरणों को परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर ऑनलाइन अपलोड करने की अन्तिम तिथि। | 20 नवम्बर,2021 (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक) | 15 दिसम्बर,2021 (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक) |
| | 2— ऑनलाइन अपलोड किये गये छात्रों के विवरणों में जाचोपरान्त यदि किसी प्रकार का संशोधन वांछित है तो उसे संस्था के प्रधान द्वारा पुनः वेबसाइट पर संशोधित/अपडेट करने की अवधि। इस अवधि में किसी नवीन छात्र का विवरण अपलोड/स्वीकार नहीं किया जायेगा। केवल संशोधन ही स्वीकार किये जायेगें। | 20 नवम्बर,से 24 नवम्बर, 2021 तक (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक) | 16 दिसम्बर,से 18 दिसम्बर, 2021 तक (मध्यरात्रि 12.00 बजे तक) |
| | 3— संस्था के प्रधान द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटोयुक्त नामावली एवं तत्सम्बन्धी कोषपत्र की एक | 29 नवम्बर,2021 तक। | 23 दिसम्बर,2021 तक |

Scanned by TapScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजे जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि। | | |

उपर्युक्त कॉलम–4 के अनुसार संशोधित तिथियों के संदर्भ में अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करान का कष्ट करें। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सुसंगत विनियम, शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु उपर्युक्त कॉलम–4 में उल्लिखित विभिन्न तिथियों की सीमा तक संशोधित समझे जायेंगे। शासनदेश की शेष शर्तें एवं प्रतिबन्ध यथावत रहेंगें।

उपरोक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शम्भु कुमार)
विशेष सचिव।



Scanned by TapScanner